लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 94, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

12.0°

बरेली, रविवार, 23 फरवरी 2025

रणदीप हुड्डा ने हाईवे के 11 साल पू

Page No :05 Middle

## एसआरएमएस ने हाईटेक हॉस्पिटल को 66 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन के पांचवें दिन शनिवार को पहले मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी को 66 रन से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में एसजी कैंट मेरठ ने सात विकेट से ठेकेदार इलेवन बरेली को हराया। तीन विकेट लेने वाले एसआरएमएस एकेडमी के गोल्डी मलिक को और चार विकेट लेने वाले एसजी कैंट मेरठ के प्रथम सलूजा मैन आफ द मैच चुने गए। टूर्नामेंट का 11वां और 12वां लीग मैच सोमवार को खेला जाएगा।